an>

Title: Need to complete the work of electrification of villages in Sheohar Parliamentary Constituency in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि आपने मेरे संसदीय क्षेत्र का विषय उठाने का मुझे समय दिया।...(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर की ओर दिलाना चाहती हूं।...(व्यवधान) यहां पर अभी तक ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य समुचित ढंग से नहीं चल रहा है तथा मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिलों के लगभग चार सौ चयनित गांवों में बिजली नहीं है।...(व्यवधान) बिजली के अभाव में लोग विभिन्न सुविधाओं से वंचित रह कर कष्टदायी जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं।...(व्यवधान) आजादी के 69 वर्षों के बाद भी शिवहर के गांवों में बिजली नहीं पहुंची है, जिससे औद्योगिक विकास, साक्षरता एवं क्षेत्रीय विकास पर बुरा प्रभाव पड़ा है।...(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना का कार्य ईएमसी, ईनरोवो, गोदरेज और टेक्नोपावर लिमिटेड कम्पनी कर रही है।...(व्यवधान) यह स्थानीय बिचौलियों के साथ मिलकर गड़बड़ी कर रही हैं। इसकी जांच...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात रिकार्ड में आ गयी है। श्रीमती कोथापल्ली गीता।

श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।